# भारतीय जनता पार्टी

**(**केंद्रीय कार्यालय**)**

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

20 नवंबर 2023, सोमवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा तेलंगाना के वारंगल (जनगांव विधान सभा) और जगतियाल (कोरातला विधान सभा) में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**तेलंगाना की केसीआर सरकार भ्रष्टाचार में पूरे देश में नंबर 1 है। भाजपा की सरकार बनने पर केसीआर सरकार के सारे घोटालों की जांच कर भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जाएगा।**

*********************

**केसीआर ने तेलंगाना की जनता के साथ केवल और केवल वादाखिलाफी की है।**

*********************

**केसीआर के विधायकों ने कॉलेजों के लिए आवंटित जमीन को हथियाने के आलवा कोई काम नहीं किया। जनगांव में पॉलिटेक्निक कॉलेज बनाने का वादा किया गया था जो अब तक नहीं बना।**

*********************

**भाजपा की सरकार बनने पर प्रतिवर्ष 17 सितंबर को ‘हैदराबाद मुक्ति दिवस’ राज्योत्सव के रूप में मनाया जाएगा।**

*********************

**बैरानपल्ली के शहीदों की स्मृति में भाजपा हर वर्ष 27 अगस्त को ‘रजाकार विभीषिका स्मृति दिवस’ के तौर पर मनाएगी।**

*********************

**तेलंगाना में सामाजिक न्याय स्थापित करने के लिए भाजपा राज्य में अगला मुख्यमंत्री का पिछडे वर्ग से बनाएगी।**

*********************

**मोदी जी ने हल्दी बोर्ड बनाने की घोषणा कर उत्तर तेलंगाना के सभी किसानों की अनेक समस्याओं का समाधान करने का काम किया**

*********************

**बीआरएस की केसीआर सरकार में मिशन भागीरथ घोटाला, पासपोर्ट घोटाला, मियापुर भूमि सौदा घोटाला, आउटरिंग घोटाला, कालेश्वर परियोजना में ₹40,000 करोड़ का घोटाला, शराब घोटाला, ग्रैनिट घोटाला जैसे कई घोटाले हुए। काकतीय मिशन भी घपलेबाजी के कारण अब तक पूरा नहीं हो पाया है।**

*********************

**भाजपा इन परिवारवादी की तरह 2G, 3G, 4G पार्टी नहीं है, यह जनता की पार्टी है।**

*********************

**केसीआर ने तुष्टीकरण की राजनीति के हितों को सर्वोपरि रख कर धर्म के आधार पर 4% मुस्लिम आरक्षण दिया। भाजपा की सरकार बनने पर तेलंगाना में इस धर्म आधारित आरक्षण को ख़त्म कर पिछड़े वर्ग और अनुसूचित जनजातियों का आरक्षण बढ़ाया जाएगा।**

*****************

**केसीआर की पार्टी का चुनाव चिह्न कार है, किन्तु इस कार की स्टीयरिंग केसीआर, केटीआर और कविता के पास नहीं है, इसकी स्टीयरिंग ओवैसी के हाथ में है।**

*****************

**जो तेलंगाना राज्य गठन के वक्त ₹670 करोड़ रुपये के साथ रिवेन्यू सरप्लस स्टेट हुआ करता था जबकि आज लगभग ₹7 लाख करोड़ ऋण में डूबा हुआ राज्य बन चुका है।**

*****************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह जी ने आज सोमवार को तेलंगाना के वारंगल (जनगांव विधान सभा) और जगतियाल (कोरातला विधान सभा) में आयोजित विशाल रैलियों को को संबोधित किया और राज्य की जनता से घोटालेबाज और तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा पार करने वाली केसीआर सरकार को बाहर का रास्ता दिखाते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास, विकास और केवल विकास को समर्पित भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाने की अपील की। कार्यक्रम में मंच पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ-साथ आसपास के सभी विधानसभाओं के पार्टी प्रत्याशी उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि **तेलंगाना का विधान सभा चुनाव केवल एमएलए बनाने का चुनाव नहीं है बल्कि यह चुनाव अगले पांच वर्ष तक तेलंगाना व देश का विकास निश्चित करने का चुनाव है**। उन्होंने वीरनापल्ली गांव व तेलंगाना के रजाकारों को याद किया, जिन्होंने तेलंगाना को एक राज्य की मान्यता दिलाने में प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना को आजाद करने के लिए देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने संकल्प लिया था कि देश को निज़ामों से मुक्त करना जरूरी है। उन्होंने **केसीआर** पर निशाना साधते कहा कि **ओवैसी के डर से केसीआर ने हैदराबाद विमोचन दिन मनाने से मना कर दिया**। भाजपा ने तय किया हैं कि **तेलंगाना में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही, प्रतिवर्ष 17 सितंबर को 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' मनाया जाएगा व तेलंगाना के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी**। साथ ही, **वीरनापल्ली व पारकाल के शहीदों के अतुलनीय योगदान को चिरस्मरणीय बनाए रखने हेतु, उनके सम्मान में एक भव्य स्मारक बनाया जाएगा। भाजपा की सरकार बनने पर हर साल 27 अगस्त को 'विभीषिका स्मृति दिवस' के तौर पर मनाया जाएगा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **केसीआर के नेतृत्व में तेलंगाना की जनता के साथ केवल और केवल वादाखिलाफी हुई है**। केसीआर ने जनगांव में पॉलिटेक्निक कॉलेज बनाने का वादा किया था लेकिन कॉलेज अब तक नहीं बना। **केसीआर के विधायकों ने कॉलेजों के लिए आवंटित जमीन को हथियाने के आलवा कोई काम नहीं किया। केसीआर की पार्टी का चुनाव चिह्न कार है किन्तु इस कार की स्टीयरिंग न केसीआर, न केटीआर, और न ही कविता जी के पास है, इसकी स्टीयरिंग सिर्फ ओवैसी के पास है।** यही कारण है कि **जो तेलंगाना राज्य गठन के वक्त ₹670 करोड़ रुपये के साथ रिवेन्यू सरप्लस स्टेट हुआ करता था जबकि आज लगभग ₹7 लाख करोड़ ऋण में डूबा हुआ राज्य बन चुका है।**

केसीआर, ओवैसी और राहुल गाँधी की पार्टी पर जोरदार हमला करते हुए श्री शाह ने कहा कि **केसीआर की पार्टी, ओवेसी की पार्टी और कांग्रेस तीनों परिवरवादी पार्टियां है। ये तीनों पार्टियां 2G, 3G, और 4G पार्टियां हैं**, **2G का मतलब है केसीआर और केटीआर**, **3G का मतलब है ओवैसी की पार्टी** और **4G का मतलब है जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी**। **भारतीय जनता पार्टी न 2G, न 3G, न 4G पार्टी है, यह तेलंगाना की जनता की पार्टी है**। तेलंगाना की

जनता ने पहली दीपावली मना ली, दूसरी दीपावली 3 दिसम्बर को भाजपा के तेलंगाना में जीत के बाद मनाई जाएगी और तीसरी दीपावली 22 जनवरी को जब आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे, तब मनाई जाएगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **केसीआर सरकार भ्रष्टाचार में पूरे देश में नंबर 1 है**। **भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर केसीआर सरकार के सारे घोटालों की जांच कर इसमें संलिप्त भ्रष्टाचारियों को क़ानून के दायरे में जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।** बीआरएस की केसीआर सरकार ने अपने शासनकाल में कई सारे घोटाले किए जैसे - मिशन भागीरथ घोटाला, पासपोर्ट घोटाला, मियापुर भूमि सौदा घोटाला, आउटरिंग घोटाला, कालेश्वर परियोजना में ₹40,000 करोड़ का घोटाला, शराब घोटाला, ग्रैनिट घोटाला। केसीआर सरकार अब तक काकतीय मिशन में ₹22,000 करोड़ खर्च कर चुकी है लेकिन इस मिशन का एक तिहाई काम भी अब तक समाप्त नहीं हो पाया है। केसीआर ने तुष्टीकरण की राजनीति के हितों को सर्वोपरि रख कर धर्म के आधार पर 4 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण लगाया है। **भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर तेलंगाना में इस धर्म आधारित आरक्षण को ख़त्म कर पिछड़े वर्ग और अनुसूचित जनजातियों का आरक्षण बढ़ाया जाएगा एवं उनके हितों को सुरक्षित किया जाएगा।**

श्री शाह ने कहा कि **तेलंगाना में सामाजिक न्याय स्थापित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने तय किया है कि राज्य के अगले मुख्यमंत्री का चुनाव पिछड़ा वर्ग से किया जाएगा।** भारतीय जनता पार्टी ने यह भी तय किया है कि **आगामी दिनों में मडिगा समाज के लोगों को सामाजिक न्याय सुनिश्चित के करने साथ ही उनको वर्टिकल आरक्षण देने का कार्य करेंगे।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **तेलंगाना में भाजपा की सरकार बनते ही राष्ट्रीय हल्दी मिशन बोर्ड गठन कर हल्दी से जुड़े किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम देने का कार्य किया जायेगा।** हल्दी बोर्ड के निर्माण के लिए श्री अरविन्द धर्मपुरी ने केंद्र में सबसे लोहा लिया जिसका समर्थन करते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने तेलंगाना में 'हल्दी बोर्ड' बनाने कि घोषणा की। इससे न सिर्फ हल्दी के किसानों को उचित दाम मिलेगा, बल्कि हल्दी के चिकित्सा मूल्य और अनुसंधान के लिए ₹2000 करोड़ की लागत से एक सेंटर भी बनाया जाएगा। **प्रदेश के किसानों का चावल ₹3,100 प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का पूरा प्रीमियम प्रदेश के किसानों के द्वारा नहीं बल्कि तेलंगाना की भाजपा सरकार द्वारा भरा जाएगा। राज्य की गरीब महिलाओं को राज्य में बनने वाली भारतीय जनता पार्टी हर साल 4 गैस सिलिंडर नि:शुल्क प्रदान करेगी**। तेलंगाना में भाजपा सरकार के गठन के बाद, उत्तरी तेलंगाना के तीन शक्कर मिलों को पुनर्जीवित किया जाएगा। साथ ही मक्का प्रोसेस कर, एथानॉल की इकाई से पेट्रोल में मिश्रित करने का कारखाना भी तेलंगाना में निर्माण किया जाएगा। **तेलंगाना में भाजपा की सरकार बनने पर आयुष्मान भारत के अंतर्गत लाभार्थियों को 10 लाख तक की स्वास्थ्य सेवा निशुल्क दी जाएगी। 2.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का काम भी भाजपा सरकार करेगी।** भाजपा ने निश्चय किया है कि हमारी सरकार बनने पर बीड़ी कर्मियों के लिए निजामाबाद में 500 बिस्तरों के अस्पताल का निर्माण किया जाएगा। तेलंगाना के NRIs की सुविधा और लॉजिस्टिक सुविधा के लिए एक कार्यरत एनआरआई मंत्रालय की रचना की जाएगी जो विश्वभर में रह रहे तेलंगाना के एनआरआई की सुविधा के लिए काम करेगा।

श्री शाह ने कहा कि **वर्षों से करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण अयोध्या नगरी में जोरों-शोरों से चल रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करने वाले हैं। भाजपा ने यह तय किया है कि तेलंगाना में भाजपा की सरकार बनने पर तेलंगाना राज्य के सभी लोगों को नि:शुल्क अयोध्या में प्रभु श्री राम का दर्शन कराने की व्यवस्था की जायेगी।** उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत का नाम समूचे विश्व में ऊंचाइयों तक दर्ज हुआ है। उन्होंने G-20 सम्मेलन की सफल अध्यक्षता से समग्र विश्व में भारत का सम्मान बढ़ाया है। मोदी जी ने गुलामी की निशानियों को मिटाने के लिए नए संसद भवन और कर्तव्य पथ का निर्माण कराया, चंद्रयान के माध्यम से भारत का परचम चंद्रमा पर लहराने का काम किया है।

*******************